# भाजपा ने कुल सात सीटों पर जीत दर्ज की

**आप से बगावत कर शोएब इकबाल अपने उम्मीदवार को जिताने में कामयाब**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के उपचुनाव में सभी 12 सीटों के नतीजे आ गए हैं। भाजपा ने कुल सात सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, आम आदमी पार्टी तीन सीटों पर जीती है। एक सीट पर आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक शोएब इकबाल वाली पार्टी ने कब्जा जमाया है। वहीं, कांग्रेस ने भी एक सीट पर भाजपा को हराया है। आम आदमी पार्टी अपनी लाज बचाने में कामयाब रही, वह पहले की तरह तीन सीट जीत पाई।

हालांकि उसकी सीटों में परिवर्तन हुआ है, जबकि कांग्रेस ने खाता खोलकर सबको चौंका दिया। मटिया महल के कद्दावर नेता शोएब इकबाल ने आम आदमी पार्टी से बगावत करके अपने उम्मीदवार को जिताने में कामयाबी हासिल की। एमसीडी उपचुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी को झटका लगा है। भाजपा 12 में से केवल सात सीट ही जीत पाई, जबकि पहले पार्टी के पास पहले नौ सीट थीं। आम आदमी पार्टी को न नुकसान हुआ है न ही फायदा हुआ है। आप के पास पहले तीन सीटें थीं, उपचुनाव में भी तीन सीटों पर जीत दर्ज की है।

वहीं, कांग्रेस ने उपचुनाव में खाता खोलकर सबको चौंका दिया है। आइए जानते हैं सबकुछ सात सीटें जीतकर भाजपा ने साफ दिखा दिया कि दिल्ली की स्थानीय राजनीति में वह अभी भी सबसे मजबूत है। उसने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कई पुराने गढ़ों में सेंध लगाई। संख्या के लिहाज से आप ने उतनी ही तीन सीटें जीतीं जितनी पहले थीं, यानी नुकसान नहीं हुआ। लेकिन पुरानी तीन में से कुछ सीटें गंवाई और नई जीतीं हैं। पार्टी को बड़ा झटका मटिया महल में लगा है, जहां पार्टी के दिग्गज नेता रहे शोएब इकबाल ने बगावत कर दी। वर्षों बाद कांग्रेस ने डब्ब में एक सीट जीतकर सबको चौंका दिया है। यह उसके लिए बड़ी मनोवैज्ञानिक जीत है, खासकर जब उसे दिल्ली में लगातार हार का सामना करना पड़ रहा था। आम आदमी पार्टी ने नारायण सीट भाजपा से छीनी है, यहां से वर्तमान विधायक उमंग बजाज 2022 में पार्षद बने थे। आप के राजन अरोड़ा ने भाजपा की उम्मीदवार चंद्रकांता को हराया है। इन दोनों के जो बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली।

राजन मात्र 148 वोट से जीतीं। मुंडका सीट से आम आदमी पार्टी के अनिल ने जीत दर्ज की है, उन्होंने भाजपा के जयपाल को हराया है। दोनों के बीच 1577 वोट का अंतर रहा। मुंडका से 2022 में निर्दलीय गजेंद्र दलाल चुनाव जीते थे मगर वह भाजपा में शामिल हो गए थे और अब मुंडका से वह भाजपा के विधायक हैं। इस तरह यह सीट आम आदमी पार्टी ने भाजपा से छीनी है।

दक्षिणपुरी सीट से आम आदमी पार्टी की जीत हुई है। रामस्वरूप कनौजिया ने भाजपा की रोहिणी को हराया है। दोनों के बीच 2262 वोट का अंतर है। दक्षिणपुरी सीट पहले भी आम आदमी पार्टी के पास थी। शालीमार बाग सीट से भाजपा जीती है। इस सीट पर अनीता जैन चुनाव लड़ रही थीं, उन्होंने आप की बबीता राणा को हराया है। 10,101 वोटों का अंतर है। 2022 में शालीमार बाग सीट से रेखा गुप्ता चुनाव जीती थीं। संगम विहार सीट जीतकर कांग्रेस का खाता खुला। कांग्रेस उम्मीदवार सुरेश चौधरी ने भाजपा उम्मीदवार शुभ रंजीत गौतम को हराया है। इन दोनों के बीच का वोटों का अंतर 3628 रहा। यह सीट भाजपा के पास थी, यहां से संगम विहार से भाजपा विधायक चंदन चौधरी 2022 में पार्षद चुने गए थे।

आप से नाराज होकर पार्टी छोड़ने वाले शोएब इकबाल की पार्टी ने भी जीत दर्ज की है। शोएब इकबाल की मटिया महल इलाके में बादशाहत कायम है। चांदनी महल से मोहम्मद इमरान जीते हैं, उन्होंने आम आदमी पार्टी के मुदस्सिर उस्मान को हराया है। इन दोनों के बीच का वोटों का अंतर 4692 रहा। चांदनी चौक सीट पर भाजपा को जीत मिली है। भाजपा की सुमन कुमार गुप्ता ने आप के हर्ष शर्मा को हराया है।

# एमसीडी उपचुनाव जीतने पर सचदेवा ने जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) उपचुनाव के नतीजे बुधवार को घोषित हो गए हैं। सभी 12 सीटों में से भाजपा ने 7 सीट, आम आदमी पार्टी ने 3 और कांग्रेस और ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने 1-1 सीट पर जीत दर्ज की है। इस चुनाव में भाजपा को 2 सीटों का नुकसान हुआ है।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) उपचुनाव के नतीजों पर, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, "मैं दिल्ली के लोगों को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद देने के लिए धन्यवाद देता हूं। हमने 12 में से 7 सीटें जीती हैं। दिल्ली सरकार में हमारा काम अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है।" दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने कहा, "दिल्ली सरकार, नगर निगम के साथ मिलकर, शहर को साफ रखने की पूरी कोशिश कर रही है। वो दिन गए जब राज्य सरकार नगर निगम पर इल्जाम लगाती थी और जिम्मेदारी से बचती थी। भाजपा सरकार में लगातार देश और दिल्ली का विकास हो रहा है।"भाजपा सांसद कमलजीत सेहरावत ने कहा, "मैं हमारी पार्टी पर भरोसा करने के लिए नागरिकों का दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। आपने हमें दिल्ली में सरकार बनाने का मौका दिया और नगर निगम चुनावों में भी हमारा साथ दिया। मैं वादा करता हूं कि आने वाले समय में नगर निगम, दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार मिलकर दिल्ली की सेवा करेंगे।"

भाजपा विधायक अजय महावर ने कहा, "हमने सात सीटें जीतीं, जो हमारे लिए साफ जीत है। हमारा वोट परसेंटेज 45 प्रतिशत से ज्यादा है, जबकि विपक्षी आम आदमी पार्टी 35 प्रतिशत से कम है, जिससे हमें 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त मिली है। जनता ने हम लोगों पर विश्वास जताया है, इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं।"

विधायक रविंदर सिंह नेगी ने कहा, "यह जीत वोटरों के भरोसे को दिखाती है जिन्होंने पिछले 9-10 महीनों में किए गए काम को देखा। यह उन कार्यकर्ताओं की भी जीत है जो दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में घर-घर गए।

यह सफलता उन सैकड़ों कार्यकर्ताओं को समर्पित है जिन्होंने दिन-रात मेहनत की।" भाजपा की सरला चौधरी ने दिल्ली नगर निगम के विनोद नगर वार्ड उपचुनाव में जीत हासिल की।

# अतिक्रमण से जुड़ी जन शिकायतों पर करें कार्रवाईः रविन्द्र इन्द्राज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री एवं उत्तर पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने वार्ड-54 रोहिणी-डी में सफाई व्यवस्था और अन्य जन शिकायतों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने एवं अतिक्रमण को लेकर जन शिकायतों को दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद स्मिता कौशिक भी उपस्थित रहीं।

समाज कल्याण मंत्री ने स्थानीय लोगों की ओर से समयपुर बादली मेट्रो स्टेशन और दिव्य ज्योति अपार्टमेंट के नजदीक अतिक्रमण को लेकर मिल रही शिकायतों पर निरीक्षण किया एवं उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जहाँ भी अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बन रही है, वहां स्थानीय लोगों और वाहन चालकों की सुविधा के लिए उचित कार्यवाही करें।

समाज कल्याण मंत्री ने निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन, नालों की सफाई तथा स्थानीय नागरिक सुविधाओं की स्थिति का जायजा भी लिया। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि स्वच्छता किसी भी क्षेत्र की बुनियादी जरूरत है एवं सभी नागरिकों को साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि सरकार और जन प्रतिनिधि लगातार स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण कर जन शिकायतों को दूर करने और स्वच्छता कार्यों में जुटे स्टाफ का उत्साहवर्धन करने का कार्य कर रहे हैं।पूर्ववर्ती सरकार ने दिल्ली के कई क्षेत्रों में विकास कार्यों को पीछे ढकेल दिया था, लेकिन अब तस्वीर तेजी से बदल रही है। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने क्षेत्र में नियमित कूड़ा संग्रहण, नालों एवं ड्रेनों की सफाई, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। रविन्द्र इन्द्राज ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वच्छता व्यवस्था और कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**समाज कल्याण मंत्री एवं उत्तर पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविन्द्र इन्द्राज सिंहवार्ड-54 रोहिणी-डी में सफाई व्यवस्था और अन्य जन शिकायतों का निरीक्षण करते हुए।**

# सात आरोपियों की जमानत पर आज फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडिया गेट पर विरोध-प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार सात आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर गुरुवार तक फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह प्रदर्शन 23 नवंबर को इंडिया गेट के पास दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के खिलाफ किया गया था। जिसमें भगत सिंह छात्र एकता मंच और हिमखंड संगठन से जुड़े छात्र शामिल थे। पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान कुछ छात्रों ने विवादित नारे लगाए और पुलिसकर्मियों पर पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया। जिससे कई जवान घायल हो गए थे। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अरिदमन सिंह चीमा की अदालत ने जांच अधिकारी और आरोपियों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। आरोपियों की याचिका पर आज फैसला आ सकता है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कर्तव्य पथ और संसद मार्ग थानों में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में अब तक कुल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। संसद मार्ग थाने वाले मामले में 17 लोगों को पकड़ा गया था, जिनमें से नौ को 28 नवंबर को और बाकी आठ को मंगलवार को जमानत मिल चुकी है।

# दो वाहन चोर पकड़े कई गाड़ियां बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के जीटीबी एंक्लेव पुलिस ने आधी रात की पैट्रोलिंग के दौरान सक्रिय स्नैचिंग और वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा और एसीपी सीमापुरी मुकेश कुमार की निगरानी में चलाए गए क्राइम-प्रिवेंशन ड्राइव के दौरान पुलिस टीम ने दो आरोपियों को पकड़कर कई चोरी की मोटरसाइकिलें और एक स्नैच किया गया मोबाइल फोन बरामद किया।

जानकारी के मुताबिक एसीपी सीमापुरी मुकेश कुमार और जीटीबी थाना एसएचओ बृजेश मिश्रा के नेतृत्व में एएसआई सतीश,हैड कॉस्टेबल सचिन,हैड कॉस्टेबल रूसील,कॉस्टेबल गजेंद्र की टीम देर रात ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के पास संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखे हुए थी। इसी दौरान जीटीबी अस्पताल की ओर जा रही एक बाइक को रुकने का इशारा किया गया। चालक भागने की कोशिश में फिसल गया और टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अबुबकर उर्फ आमिर, निवासी कबीर नगर, उम्र 24 वर्ष के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से शाहदरा क्षेत्र से स्नैच किया गया मोबाइल मिला।

पूछताछ में उसने बताया कि बाइक भी चोरी की है और उसका साथी बाबर, निवासी छज्जूपुर, उम्र 25 वर्ष, मौके से भागा था। पुलिस ने तुरंत दबिश देकर बाबर को भी पकड़ लिया। दोनों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे लॉक तोड़कर बाइक चुराते थे, जांच से बचने के लिए खराब या बदले हुए नंबर प्लेट लगाते थे। चोरी की बाइकें बाद में स्नैचिंग की वारदातों में इस्तेमाल की जाती थीं। दोनों की निशानदेही पर पांच मोटरसाइकिलें और एक मोबाइल फोन बरामद किए गए।

# स्कूलों में भारतीय ज्ञान प्रणाली लागू करने को शुरू किया आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्री अरबिंदो सोसाइटी ने प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से स्कूली शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली को जोड़ने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन ने भारत के सभ्यतागत ज्ञान को आधुनिक स्कूली शिक्षा में सार्थक रूप से एक साथ करने के एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन की शुरुआत की।



पांच दशकों से भी अधिक समय से समग्र और चेतना-आधारित शिक्षा में कार्यरत प्रारंभिक संस्थानों में से एक के रूप में, अरबिंदो सोसाइटी ने आईकेएस के दृष्टिकोण को जिम्मेदार, शोध-आधारित एवं कक्षा-स्तर पर लागू किए जा सकने वाले रूप में परिवर्तित करने की दिशा में नेतृत्वकारी भूमिका निभाई है। यह सम्मेलन आईकेएस -केंद्रित राष्ट्रीय संवाद श्रृंखला के प्रथम संस्करण के रूप में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य भारत की गहन सभ्यतागत बुद्धि को केवल एक सांस्कृतिक धरोहर के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक वैज्ञानिक, संज्ञानात्मक तथा चेतना-आधारित रूपरेखा के रूप में प्रस्तुत करते हुए स्कूली शिक्षा का रूपांतरण करना है। इस संकल्प को साकार रूप देने हेतु श्री अरबिंदो सोसाइटी द्वारा विकसित आईकेएस चार्टर का विमोचन किया गया। आईकेएस को सिर्फ एक सोच से कक्षा तक ले जाने के महत्व पर ध्यान केंद्रित करते हुए, श्री अरबिंदो सोसाइटी के कार्यकारी बोर्ड सदस्य, श्री संभ्रांत शर्मा ने कहा: श्री अरबिंदो सोसाइटी ने भारतीय ज्ञान प्रणालियों को स्कूली शिक्षा के मूल में लाने की राष्ट्रीय जिम्मेदारी ली है आईकेएस चार्टर के लोकार्पण पर श्री अरबिंदो सोसाइटी को बधाई देते हुए, मुख्य अतिथि बजरंग बागड़ा, महासचिव (विहिप) ने कहा कि चार्टर में वे सभी सावधानियां और दिशानिर्देश समाहित हैं जिनका इसे लागू करते समय ध्यान रखना आवश्यक है।

# उपहार सिनेमा अग्निकांड के दोषी अंसल के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने उपहार सिनेमा अग्निकांड के दोषी सुशील अंसल को पासपोर्ट नवीनीकरण के लिए आपराधिक मामलों को छिपाने और झूठे घोषणापत्र दाखिल करने के आरोप में चार्जशीट दाखिल करने का आदेश दिया है। यह मामला सुशील अंसल के खिलाफ एक अलग से चल रहा है, जो उपहार अग्निकांड मामले में उनकी सजा के बाद सामने आया है। पटियाला हाउस कोर्ट की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रिया अग्रवाल ने 28 नवंबर के अपने आदेश में कहा कि अंसल के खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोपों को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सामग्री है। उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 , 177 (लोक सेवक को झूठी जानकारी देना), 181 (शपथ पर झूठा बयान देना) और पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12 (पासपोर्ट से संबंधित अपराध) के तहत आरोप तय किए जाएंगे। मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी, 2026 को होगी।

कोर्ट ने पाया कि अंसल ने 2013 में अपने तत्काल पासपोर्ट आवेदन के साथ दिए गए शपथ-पत्र में अपने खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों और सजा के विवरण को जानबूझकर छिपाया था। कोर्ट के अनुसार, यह छिपाव क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को पासपोर्ट जारी करने के लिए प्रेरित करने हेतु किया गया था। न्यायाधीश ने यह भी नोट किया कि अंसल ने न केवल सजा और लंबित एफआईआर की जानकारी छिपाई, बल्कि पिछले पते का भी सही विवरण नहीं दिया।

# जिला विकास समिति में नशा रहा मुख्य मुद्दा

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला विकास समिति ने इलाके में चल रही अवैध नशा बिक्री और जगह-जगह खुले हुए हुक्का बारों को लेकर जनसुनवाई का आयोजन दिया, इस जनसुनवाई में आरडब्लूए के पदाधिकारियों के साथ स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया स जनसुनवाई में सम्बंधित विभागों के अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। सुंदर नगरी से आई महिला ने बताया की उनके घर के बाहर बीएसईएस का खम्भा है जिसपर सरकारी लाईट लगी हुई है, जिसकी रौशनी में नशेड़ी बैठकर नशा करते है और लड़ाई-झगड़ा करते है स वही एक व्यक्ति ने नन्द नगरी इलाके में रेहड़ियों पर शराब पिलाने की बात कही, और प्रशासन से गुहार लगाई की क्षेत्र में ऐसे लोगो पर कार्रवाई की जाए ताकि ऐसे रास्तो से निकलने वाली महिलाओं को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# ग्रीन ऐप को एक नोडल प्लेटफॉर्म के रूप में अधिक सशक्त किया जा रहाः सिरसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ?दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि "311 ग्रीन ऐप" को एक नोडल प्लेटफॉर्म के रूप में और अधिक सशक्त किया जा रहा है जिससे ग्रीन वॉर रूम के माध्यम से गड्ढों, ब्राउन एरिया और डस्ट हॉटस्पॉट्स की मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने कहा कि अगले छह महीनों के लिए एक समग्र कार्य योजना तैयार की जा रही है, जिसके अंतर्गत धूल उड़ने वाले "ब्राउन एरिया" को चिन्हित कर वहां पर धूल-मुक्त और हरित उपाय लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बीएस-प्ट से नीचे के वाहनों पर सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री जी की पहल पर, लास्ट माइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए ई-ऑटो को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोग मेट्रो का उपयोग कर सकें।

पर्यावरण मंत्री के अनुसार मिस्ट स्प्रे सिस्टम तकनीक के माध्यम से डस्ट मिटिगेशन के अच्छे परिणाम सामने आए हैं और अब इसे पूरे दिल्ली में व्यापक रूप से लागू किया जाएगा। एमसीडी को भी आदेश दिया गया है कि अपनी 8000 किलोमीटर की सड़कों को पॉट-होल फ्री और डस्ट-फ्री बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। 1000 वैक्यूम बेस्ड लिटर पिकर्स और 100 मैकेनिकल रोड स्वीपर्स अगले 45 दिनों में काम पर लगाए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अगले कुछ महीनों में दिल्ली के अधिकांश डंप साइट्स को पूरी तरह से साफ कर दिए जाने का लक्ष्य है। साथ ही, सभी निर्माण स्थलों को 48 घंटों में फेंसिंग और पॉल्यूशन कंट्रोल नियमों के अनुपालन के लिए बाध्य किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली को साफ और प्रदूषण-मुक्त बनाना हमारी साझा जिम्मेदारी है। चाहे कोई भी एजेंसी हो या उद्योग, नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# सांस्कृतिक विरासत पर लाल किला में होगी यूनेस्को की कांफ्रेंस

**इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 180 देशों के एक हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल होंगे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाल किला में आगामी 8 से 13 दिसंबर तक 'अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए यूनेस्को की अंतरसरकारी समिति का 20वां सत्र' आयोजित होगा।

भारत की मेजबानी में आयोजित होने जा रहे इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 180 देशों के एक हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर ऐतिहासिक चांदनी चौक बाजार और लाल किला क्षेत्र को साफ-सुथरा व सजाने-संवारने का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। ताकि पुरानी दिल्ली की विश्वप्रसिद्ध विरासत आने वाले दिनों में और भी आकर्षक, स्वच्छ और व्यवस्थित स्वरूप में दिखाई दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि सम्मेलन में शामिल होने आए विदेशी मेहमान जब लाल किला के साथ चांदनी चौक जैसे ऐतिहासिक इलाके में भी कदम रखें तो उन्हें दिल्ली की सांस्कृतिक पहचान, स्वच्छता का श्रेष्ठ अनुभव मिले। वह चाहती है कि यूनेस्को प्रतिनिधि सिर्फ औपचारिक बैठकों तक सीमित न रहें, बल्कि पुरानी दिल्ली की पेंचीदा सी गलियों में घूमें, यहां के व्यंजनों का आनंद लें और इस ऐतिहासिक शहर की आत्मा को करीब से महसूस करें। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री ने हाल ही में शाहजहांनाबाद पुनर्विकास निगम (एसआरडीसी), लोक निर्माण विभाग और दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में केंद्र सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय के साथ समन्वय की स्थिति पर भी चर्चा हुई और यह तय किया गया कि अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के स्वागत में दिल्ली की छवि विश्वस्तरीय होनी चाहिए। इस दिशा में जमीनी स्तर पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है।

चांदनी चौक और लाल किला क्षेत्र में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है ताकि हर समय सड़कें, गलियां और बाजार साफ-सुथरे रहें। व्यापारियों के साथ मिलकर चलाया जा रहा अभियान सरकार इस पूरे अभियान में स्थानीय व्यापारियों को भी साथ लेकर चल रही है। चांदनी चौक के व्यापार एसोसिएशन के साथ कई बैठकें की जा चुकी हैं, जिनमें उन्हें आने वाले प्रतिनिधिमंडलों के दौरे की जानकारी दी गई है। इसके अलावा रेस्टोरेंट संचालकों और संबंधित विभागों की संयुक्त बैठकें आयोजित की गई हैं, जिनमें साफ-सफाई, अतिक्रमण-मुक्त आवाजाही, साइनेज और उजाले की बेहतर व्यवस्था,दुकानों और खाने-पीने की जगहों की अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के अनुरूप तैयारी इंतजामों की समीक्षा की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उठाए जा रहे कदम सार्वजनिक शौचालयों की निगरानी के लिए विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शौचालयों और यूरिनलों की मरम्मत का कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है एक शौचालय को विशेष रूप से 'पिंक टॉयलेट' में परिवर्तित किया गया है।

# दिन के समय ही बनाई जाएगी 400 किलोमीटर सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी की सड़कों को विश्वस्तरीय बनाने के लिए आगामी मार्च महीने तक 400 किलोमीटर से अधिक सड़कों का पुनर्विकास करने के निर्देश दिए हैं। पहले इन सड़कों को रात के समय बनाना था, लेकिन रात को तापमान कम होने के चलते अब इन्हें दिन में बनाया जाएगा। सड़क बनाने वाली सूची के साथ ट्रैफिक पुलिस से पीडब्ल्यूडी ने अनुमति मांगी है। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने इस विषय को लेकर आयोजित बैठक में कहा कि जिस सड़क को बनाने का काम शुरु होगा, वह 24 घंटे के भीतर तैयार होनी चाहिए। ताकि यातायात कम प्रभावित हो और धूल भी ज्यादा देर न उड़े। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली में टूटी एवं खराब हो चुकी सड़कों को दोबारा बनाने का काम किया जा रहा है। इसके तहत कुल 402 किलोमीमटर सड़क का निर्माण होगा। इसमें से केंद्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) से 301 किलोमीटर जबकि राज्य के फंड से 101 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। दोनों फंड से शहर के प्रमुख मार्गों पर तेज और समान विकास सुनिश्चित किया जाएगा। इसे लेकर आयोजित बैठक में प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली को ईमानदारी और तेजी के साथ बनी विश्वस्तरीय सड़कें मिलनी चाहिए। यह सिर्फ सड़क निर्माण नहीं बल्कि राजधानी की गतिशीलता के नए मानक तय करने का संकल्प है।

# लाल किला विस्फोट मामले की कोर्ट की निगरानी में कमेटी के गठन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को लाल किला विस्फोट मामले के परीक्षण के हर चरण की निगरानी के लिए अदालत-पर्यवेक्षित समिति के गठन की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में सुनवाई को दिन-प्रतिदिन चलाने और मासिक प्रगति रिपोर्ट एक न्यायिक निकाय को सौंपने की भी मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायाधीश तुषार राव गेडेला की पीठ ने याचिका को अपरिपक्व पाया, यह देखते हुए कि परीक्षण अभी शुरू ही नहीं हुआ है। न्यायाधीशों ने टिप्पणी की कि जब कार्यवाही शुरू भी नहीं हुई है तो ऐसी निगरानी का आदेश नहीं दिया जा सकता। पीठ ने याचिका के मूल आधार पर भी गहरी आपत्ति जताई और कहा, ष्परीक्षण अभी शुरू भी नहीं हुआ है, और आप चाहते हैं कि हम इसके संचालन की निगरानी करें? निगरानी तब प्रासंगिक हो जाती है जब मामले वर्षों तक लंबित रहते हैं, परीक्षण शुरू होने से पहले नहीं।ष

पीठ ने यह भी कहा कि याचिकाकर्ता ने किसी भी मौलिक अधिकार के उल्लंघन का प्रदर्शन नहीं किया है, जो जनहित याचिका के माध्यम से अदालत के हस्तक्षेप को उचित ठहरा सके। अदालत ने पाया कि परीक्षण शुरू होने से पहले इस तरह के असाधारण हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं है, जिसके बाद याचिका वापस ले ली गई। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि अदालत की भागीदारी पीड़ितों के परिवारों को आश्वस्त करेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पहले के आतंकवादी मामलों में दशकों लग गए थे, और लाल किला के पिछले आतंकवादी परीक्षण को भी समाप्त होने में कई साल लगे थे। केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि जनहित याचिका गलत तरीके से दायर की गई है। उन्होंने बताया कि जांच अब दिल्ली पुलिस के पास नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी को स्थानांतरित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि परीक्षण गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के ढांचे के तहत शासित होगा।

# आशीष सूद ने सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने वार्ड 118, सागरपुर का दौरा कर क्षेत्र में स्वच्छता एवं साफ सफाई के कार्यों की मौजूदा स्थिति का निरीक्षण किया। मंत्री के साथ द्वारका के विधायक प्रधुम्न राजपूत भी उपस्थित थे। निरीक्षण के साथ ही आशीष सूद ने जनकपुरी विधानसभा में चाणक्य प्लेस पार्ट-1 में 25, 30 एवं 40 फीट सड़कों पर आरसीसी नाले के निर्माण कार्य का उद्घाटन, जे एवं के ब्लॉक और राम दत्त एन्क्लेव में सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत भी की।सागरपुर वार्ड 118 के निवासियों ने मंत्री को बताया कि इस रोड पर एक नाला है जो काफी समय से सूखा हुआ है और यहां लोग कूड़ा भी डाल रहे हैं साथ ही सड़कों पर कई जगह खुले में कूड़ा डला होता है। इस कारण से यहां गंदगी और बदबू का अंबार है।

# वायु गुणवत्ता आंकड़ों की गणना में छेड़छाड़ संभव नहींः सीपीसीबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने बुधवार को वायु गुणवत्ता के आंकड़ों में हेरफेर के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि निगरानी केंद्र स्वचालित हैं तथा गणना एवं निगरानी में कोई मानवीय हस्तक्षेप संभव नहीं है।

दिल्ली सरकार पर वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों के आसपास पानी का छिड़काव करने तथा प्रदूषण के उच्च स्तर पर होने के दौरान उन्हें बंद करने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि अक्टूबर में दिवाली के दौरान पटाखों के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों को बंद कर दिया गया था। सीपीसीबी के अध्यक्ष वीर विक्रम यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''निगरानी और डेटा संग्रह स्वचालित हैङ्क स्टेशन हर 15 मिनट में डेटा तैयार करते हैं और हर घंटे एक्यूआई की गणना की जाती है, जिसके बाद औसत एक्यूआई तैयार किया जाता है। ये स्टेशन स्वचालित हैं, और इसलिए किसी भी तरह का मानवीय हस्तक्षेप या हेरफेर संभव नहीं है।''

वायु गुणवत्ता के आंकड़ों में हेरफेर करने के लिए निगरानी स्टेशनों के आसपास पानी छिड़कने के आरोपों के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में, यादव ने कहा, ''इन निगरानी स्टेशनों की स्थापना उनके स्थानों का वैज्ञानिक अध्ययन करने के बाद की गई है।

